प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध जुआ/सट्टा में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनांक 04.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ल द्वारा उ.नि. सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः **1.** संदीप पुत्र श्रीराम कृपाल महान उम्र 34 वर्ष निवासी किलहुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा 2.प्रीतम उर्फ राजा पुत्र धीर सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़ा थाना चरखारी महोबा 3.मुलायम सिंह पुत्र हरचरन यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़ा थाना चरखारी महोबा को ग्राम गुढ़ा से नियमानुसार गिरफ्तार किया इस दौरान अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से मौके पर मालफड़ 1450 रूपया व 52 अदद ताश पत्ते तथा जामा तलाशी 185 रू कुल 1635 रुपये बरामद हुआ । बरामदगी के आधार पर थाना चरखारी में मु.अ.सं. 343/22 धारा **13 G ACT** पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम :-

1. उ.नि. सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया
2. हे.का.देवीशरण 3. का. पवन 4. का. धर्मेन्द्र कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त :-

1. संदीप पुत्र श्रीराम कृपाल महान उम्र 34 वर्ष
2.प्रीतम उर्फ राजा पुत्र धीर सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष
3.मुलायम सिंह पुत्र हरचरन यादव उम्र 30 वर्ष विवरण

**बरामदगी-** मालफड़ 1450 रूपया व 52 अदद ताश पत्ते तथा जामा तलाशी 185 रू कुल 1635 रुपये



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 05.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे मफरुर/वांछित वारन्टी अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ल द्वारा उ.नि. हरीशंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने एक नफर वारंटी अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र इन्द्रजीत राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बैहारी थाना चरखारी जनपद महोबा केस नं0 438/11 धारा 60(1)(2) **Ex ACT** सम्बन्धित माननीय न्यायालय सिविल जज जू.डि. चरखारी से निर्गत वारण्ट के क्रम में वारंटी अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम बैहारी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। वारंटी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम :-

1. उ.नि. हरीशंकर यादव
2. का0 हिमांशु पाल थाना चरखारी जिला महोबा

### गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त :-

श्रवण कुमार पुत्र इन्द्रजीत राजपूत निवासी ग्राम बैहारी थाना चरखारी जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ का किया गया औचक निरीक्षण, थाना कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश..।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा आज दिनांक 05.11.2022 को थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, भोजनालय, बैरक आदि को चेक करने के साथ-साथ थाने के शस्त्रागार तथा थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों यथा अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

महिला हेल्प डेस्क- मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत व महिला सम्बन्धित शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेने व त्वरित कार्यवाही हेतु थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा महिला सम्बन्धी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर शिकायत पर की गयी कार्यवाही भी दर्ज करने के साथ-साथ पीडित से फीडबैक लेने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र में अपराध की रोकथाम हेतु ड्यूटी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र, प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित थाना हाजा पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।





आज दिनांक 05.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम निकट पर्यवेक्षण में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर 223 ई-चालान किये गये।









महोबा पुलिस